अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 का आयोजन - रिपोर्ट

संयुक्त राजभाषा समन्वय समिति के तत्वावधान में अणुशक्तिनगर स्थित परमाणु ऊर्जा विभाग की चार इकाइयों द्वारा संबंधित यूनिटों के महिला प्रकोष्ठ के सहयोग से महिलाओं के सम्मान में “हिंदी के बढते चरण, नारी सशक्तिकरण“ विषय पर दिनांक 12 मार्च, 2024 को पऊवि सम्मेलन कक्ष, अणुशक्तिनगर, मुंबई में अर्ध-दिवसीय समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्री एस. सत्यकुमार, मुख्य कार्यकारी, भापाबो, श्री डी.के. शुक्ला, अध्यक्ष, पऊनिप, श्री के. महापात्रा, निदेशक, निसेसंप्रनि तथा श्री वेद सिंह, निदेशक, क्रभनि उपस्थित थे।

भापाबो के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती अनन्या वर्मा, निसेसंप्रनि के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती अंजली कारडा, क्रभनि के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती मंदाकिनी भांगे एवं पऊनिप के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती महालक्ष्मी ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप-प्रज्ज्वलन करके की।

संयुक्त राजभाषा समन्वय समिति के अध्यक्ष श्री के. स्वामीनाथन, मुख्य प्रशासन अधिकारी, भापाबो ने सभी सदस्य कार्यालयों के पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में इस समारोह के आयोजन का उद्देश्य एवं लक्ष्य को रेखांकित करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में देश की आधी आबादी की बडी भूमिका रही है।

स्वागत संबोधन के बाद चारों इकाइयों (निसेसंप्रनि, क्रभनि, पऊनिप, भापाबो) के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षाओं ने अपने-अपने विचार प्रकट किए।

इस समारोह में दो वार्ताकारों को आमंत्रित किया गया था । डॉ. गौरी मिश्रा, ऑन्कोलॉजिस्ट, टीएमएच ने “स्वास्थ्य जागरूकता” विषय पर महिला संबंधी कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं एवं उनके निदान संबंधी बातें बताई । उन्होंने कॅन्सर से बचने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए ।

दूसरी ओर श्रीमती शिल्पा चंडोलकर, रिस्पॉन्सिबल नेटिजन ने “सामाजिक जागरूकता – साइबर सखी” के बारे में बताकर साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्कता के संबंधी महत्वपूर्ण बातें साझा की तथा बताया कि ऑनलाइन ठगी एवं ब्लॅकमेलिंग से सावधान रहते हुए किस प्रकार बचा जा सकता है ।

इसके अतिरिक्त, घर-घर में काम करनेवाली बाई की समस्याओं पर आधारित एकांकी “नई चाह नई राह” का मंचन किया गया । संबंधित इकाइयों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा समूह गान एवं समूह नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई ।

श्रीमती अनुराधा दोडके, उप निदेशक (राजभाषा), निसेसंप्रनि ने उद्घाटन सत्र का एवं भापाबो के उप निदेशक (राजभाषा) श्री भास्करानंद झा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन किया ।

श्री दिवाकर विक्रम सिंह, उप निदेशक (राजभाषा), क्रभनि ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया ।

राष्ट्रगान के साथ ही कार्यक्रम समाप्त हुआ ।

****